हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय
(राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् 'ए' ग्रेड विश्वविद्यालय)
हिन्दी विभाग
समरहिल, शिमला-171005

दिनांक : 26.06.2018

आज दिनांक 26.06.2018 को अपराह्न 2:00 बजे स्नातक स्तरीय अध्ययन मण्डल (B.O.S.U.G.) की बैठक हुई, जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए :-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रोफ़ेसर सरस्वती भल्ला | अध्यक्ष |
| 2. | प्रोफ़ेसर बाबू राम | बाह्य विशेषज्ञ |
| 3. | डॉ. अनीता ठाकुर | सदस्य |
| 4. | डॉ. मंजु पुरी | सदस्य |
| 5. | डॉ. आशुतोष कुमार | सदस्य |
| 6. | डॉ. भवानी सिंह | आमन्त्रित सदस्य |

बैठक में अध्ययन मण्डल ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के अन्तर्गत वार्षिक प्रणाली के आधार पर नवीन पाठ्यक्रम पर विचार विमर्श के उपरान्त सर्वसम्मति से निम्नलिखित निर्णय लिये :-

1. विश्वविद्यालय के कुलपति की अध्यक्षता में सम्पन्न दिनांक 13.6.2018 की बैठक में सेमेस्टर स्कीम के स्थान पर वार्षिक प्रणाली आरम्भ करने के आदेशानुसार स्नातक स्तरीय अध्ययन मण्डल (हिन्दी) ने यह निर्णय लिया कि जुलाई 2018 से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की मॉडल पाठचर्या एवं दिशा निर्देश के अनुसार 'च्वाइस बेस्ड क्रैडिट सिस्टम' वार्षिक प्रणाली के आधार पर लागू किया जाए । (विस्तृत विवरण संलग्न है)

2. नव परिवर्तित वार्षिक प्रणाली के अनुसार पाठ्यक्रम सत्र 2018-19 से स्नातक स्तर पर प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों पर लागू होगा ।

3. नव परिवर्तित वार्षिक प्रणाली का पाठ्यक्रम वर्ष 2018 से क्रमशः (Phased Manner) आरम्भ किया जाएगा ।

4. इस पाठ्यक्रम के अनुसार छः क्रैडिट एवं चार क्रैडिट दोनों के लिए 100 अंक निर्धारित किए गए हैं, जिनका अंक-विभाजन निम्नवत् रहेगा -

<u>वर्ष के अंत में परीक्षा = 70 अंक</u>

| | | |
|---|---|---|
| **आन्तरिक मूल्यांकन** | = | **30 अंक** |
| कक्षा उपस्थिति | = | 5 अंक |
| आन्तरिक परीक्षा | = | 15 अंक |
| प्रदत्त कार्य | = | 10 अंक |

9. पाठ्यक्रम तीन वर्षों में निर्धारित है, जिनके लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की मॉडल पाठचर्या के आधार पर 132 क्रेडिट्स का 'बी0ए0 हिन्दी रेगुलर' के लिए प्रावधान है । (विस्तृत विवरण संलग्न है)

10. हिन्दी ऑनर्स के लिए 148 क्रेडिट्स निर्धारित हैं क्रेडिट्स के लिए अंक विभाजन बिन्दु 4 के अनुसार है । (विस्तृत विवरण संलग्न है)

**स्नातक अध्ययन मण्डल ने हिन्दी** Core, Elective, Ability Enhancement, Skill Enhancement एवं Generic का बी0ए0 रेगुलर एवं हिन्दी ऑनर्ज का पाठ्यक्रम नव परिवर्तित वार्षिक प्रणाली के आधार पर पारित किया।

स्नातक अध्यन मण्डल ने निकट भविष्य में किसी आपात्कालीन परिस्थिति में पाठ्यक्रम में तकनीकी या अल्पसंशोधन हेतु अध्यक्ष को अधिकृत किया।

अध्यक्ष महोदया ने स्नातक स्तरीय अध्ययन मण्डल के सभी नए सदस्यों का स्वागत किया।

बैठक अध्यक्ष के प्रति धन्यवाद प्रस्ताव के साथ सम्पन्न हुई ।

डॉ. भवानी सिंह
आमन्त्रित सदस्य

डॉ. आशुतोष
सदस्य

डॉ. मंजु पुरी
सदस्य

डॉ. अनीता ठाकुर
सदस्य

26/06/18

प्रोफ़ेसर बाबू राम
पूर्व अध्यक्ष, हिन्दी विभाग
कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र
(बाह्य विशेषज्ञ)

26/06/2018

प्रोफ़ेसर सरस्वती भल्ला
अध्यक्ष, हिन्दी विभाग एवं
अध्यक्ष स्नातक स्तरीय अध्ययन मण्डल